अभ्यास-कार्य

बहुविकल्पीय प्रश्न (MCQs)

1. सही विकल्प पर (✓) लगाइए-

(क) 'हिरन दौड़ रहा है।' वाक्य में क्रिया है-

हिरन ◯ दौड़ ◯ दौड़ रहा है। ◯

(ख) दो कर्म रखने वाली क्रिया कहलाती है-

अकर्मक क्रिया ◯ सकर्मक क्रिया ◯ द्विकर्मक क्रिया ◯

(ग) सकर्मक क्रिया वाला वाक्य है-

मीरा नृत्य कर रही है ◯ मोहन दौड़ता है ◯ शिल्पा सोती है ◯

(घ) अकर्मक क्रिया वाला वाक्य है-

अभि गेंद से खेलता है ◯ सुषमा रोती है ◯ गौरव पत्र लिखता है ◯

2. उचित मिलान कीजिए-

(क)	मामा जी दफ्तर	गा रही है।
(ख)	मामी जी खाना	पढ़ रहा है।
(ग)	पक्षी आकाश में	जा रहे हैं।
(घ)	पीयूष पुस्तक	बना रही हैं।
(ङ)	सुनीता गाना	उड़ रहे हैं।

3. निम्नलिखित वाक्यों में क्रिया शब्दों को रेखांकित कीजिए-

(क) कबूतर दाना खा रहे हैं।

(ख) नौकरानी कपड़े धो रही है।

(ग) पिता जी ने नया मोबाइल खरीदा है।

(घ) पानी बह रहा है।

(ङ) उर्वशी मेट्रो की सवारी कर रही है।

4. उचित क्रिया का प्रयोग करके रिक्त स्थान भरिए-

(क) शिक्षिका ने पाठ ______।

(ख) मेरे मित्र ने मुझे फ़ोन ______।

(ग) माली ने पौधों को पानी ______।

(घ) वह मेरे लिए कमीज़ ______।

(ङ) विराट कोहली ने शानदार छक्का ______।